**Raj Express (Indore), 22nd April 2021, Page-11**

# आईआईटी के बृजेश ने दिव्यांग प्रीमियर लीग में की कप्तानी

इंदौर। आईआईटी इंदौर के उपप्रबंधक, बृजेश द्विवेदी ने यूएई में हाल ही में आयोजित पहली दिव्यांग प्रीमियर लीग में मुंबई आइडल्स टीम की कप्तानी कर

संस्थान का नाम सेशन

किया। आईपीएल का पहला दिव्यांग प्रीमियर लीग 2021 टूर्नामेंट, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया गया था। टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने भाग लिया, जिसमें मुंबई आइडल, दिल्ली चैलेंजर्स, नाइट फाइटर्स, चेन्नई सुपरस्टारज़, राजस्थान राजवाडे और गुजरात हिटर शामिल थे। बृजेश ने अनुकरणीय क्षमताएं दिखाते हुए राजस्थान राजवाडे के खिलाफ चार विकेट लिए और 11 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे। चेन्नई सुपरस्टार के खिलाफ दूसरे मैच में उन्होंने एक विकेट लिया और 25 रन बनाए।



बृजेश ने कहा मैंने हमेशा चुनौतियों का सामना किया और कभी भी दिव्यांग होने के कारण खुद को कम नहीं आंका। मैं आईआईटी इंदौर का सभी आवश्य सहायता प्रदान करने के लिए भी आभारी हूं जिसके बिना इस तरह के परिणाम प्राप्त करना संभव नहीं होता। इसके अलावा परिवार, दोस्तों, सतना और इंदौर के लोगों का भी आभारी हूं जिन्होंने हर समय मेरा समर्थन व मार्गदर्शन किया। प्रोफेसर नीलेश कुमार जैन, निदेशक (कार्यवाहक) ने बृजेश को बधाई दी और कहा उन्होंने न केवल संस्थान को गौरांवित किया है बल्कि यह भी दिखाया है कि जब आप जोश का पालन करते हैं तो सपने सच हो जाते हैं। बृजेश ने आधिकारिक प्रतिबद्धताओं के बीच बहुत अच्छा संतुलन बनाए रखा है।